# महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान की ओर से 200 प्रतिभाओं का किया सम्मान

■ रैली का शुभारंभ फूले सर्किल से संस्थान के अध्यक्ष प्रेमसिंह माली द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया

**करौली।** जिला मुख्यालय स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान करौली के तत्वाधान में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के उपलक्ष्य में एक विशाल रैली एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ फूले सर्किल से संस्थान के अध्यक्ष प्रेमसिंह माली द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

रैली में कर्मचारी संख्या अध्यक्ष तुलसीराम माली, कस्बा अध्यक्ष रामगोपाल माली, उपाध्यक्ष राम सिंह किसान बाबूलाल मेंबर कमरपाल मैनेजर, हल्के ठेकेदार मंगरी करौली तहसील अध्यक्ष राम खिलाड़ी सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल रहे। रैली में सजीव झांकी के रूप में कल ब्रिगेड के बने सिंह कुशवाहा कर से चल रहे थे रैली फूले सर्किल से रवाना होकर शिकारगंज, खादी भंडार , रंगगमा तालाब और लव-कुश वाटिका होते हुए संस्थान के छात्रावास परिसर पहुंची।छात्रावास परिसर में महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर सभी प्रतिभागियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। रैली के दौरान विभिन्न स्थानों पर जेसीबी से पशु वर्ष के साथ में जलपान,पेय पदार्थ ,नाश्ता, फल एवं पोहा का वितरण किया गया।रैली के स्वागत में पार्षद नाहर सिंह एवं भक्त मंडल गोवर्धन की ओर से जेसीबी द्वारा पुष्प वर्षा की गई, जो विशेष आकर्षण का केंद्र रही। रैली में शामिल लोगों ने महात्मा फुले के जीवन एवं विचारों पर आधारित गीतों पर उत्साहपूर्वक नृत्य किया ।इस दौरान शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।रैली में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें महात्मा ज्योतिबा फुले उच्च माध्यमिक विद्यालय, मंगल आदर्श माध्यमिक विद्यालय, वीणा वादिनी माध्यमिक विद्यालय, रामकिशन आदर्श माध्यमिक विद्यालय, एन एल उच्च माध्यमिक विद्यालय सहित अन्य स्कूलों के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। उन्होंने आमजन को शिक्षा और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। इस अवसर पर लगभग 200 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों, नवनियुक्त कर्मचारियों, अधिकारियों, सेवानिवृत्त व्यक्तियों एवं भामाशाहों को प्रतीक चिन्ह, साफा, बैग एवं नगद राशि भेंट कर सम्मानित किया गया।प्रतिभाओं को बैग गुरु कृपा ठोनाइट एंड मार्बल (अहमदाबाद), एमटी मार्बल (जेतपुरा, राजसमंद) एवं सोहम स्टोनेक्स माइंस (देवगढ़, राजसमंद) के राधेश्याम माली मेंगरी वालों की ओर से प्रदान किए गए एवं इनाम श्री बालाजी ठोनाइट एंड मार्बल (जुहापुरा, सरखेज, अहमदाबाद), ठेकेदार कल्ली माली (खूब नगर) एवं ठेकेदार वीरसिंह माली (महमदपुर) द्वारा दी गई। अन्य भामाशाहों ने भी तन, मन और धन से सहयोग प्रदान किया।इस अवसर पर प्रहलाद मास्टर, रामसिंह किसान, शिवदयाल, ठेकेदार मन्नू, ठेकेदार निरंजन, लक्ष्मणसिंह, पूर्व पार्षद नाहरसिंह, बाबूलाल ,पांच पुरा अध्यक्ष शंकर माली, रामगोपाल माली, डंगासरा अध्यक्ष श्रीफूल माली, रमजी सरपंच, विष्णु सरपंच, ज्योतिबा फुले अहमदाबाद समिति के कोषाध्यक्ष विष्णुचंद्र सैनी, धर्मी सैनी, पन्नूसिंह माली, रूपसिंह, बाबूलाल भगत, कल्याण माली, लक्ष्मणसिंह मानसिंह, श्याम पटेल, हेमराज, नाहरसिंह, धारासिंह माली, रंगलाल सैनी, मुकेश सैनी, शिवचरण सैनी सहित अनेक समाजबंधुओं का सहयोग रहा।

## हिंगोटिया में 55 लाख की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का हुआ लोकार्पण

■ ग्रामीण क्षैत्रो में बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता- मानसिंह गुर्जर

**गंगापुर सिटी।** विधानसभा क्षेत्र गंगापुर सिटी के अंतर्गत ग्राम हिंगोटिया में आज 55 लाख रुपये की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का विधिवत लोकार्पण भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मानसिंह गुर्जर ने कहा कि यह उप स्वास्थ्य केंद्र हिंगोटिया सहित आसपास के गांवों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता रही है और इसी दिशा में यह केंद्र एक सशक्त कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से क्षेत्रवासियों को समय पर प्राथमिक उपचार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं तथा अन्य आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं सुलभ होंगी। गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और आधारभूत सुविधाओं के विकास के माध्यम से गांव-गांव तक विकास पहुंचाने का संकल्प लिया गया है, जिसे धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के समग्र विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस अवसर पर उप जिला कलेक्टर बृजेंद्र मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि इस प्रकार के उप स्वास्थ्य केंद्र स्थानीय स्तर पर चिकित्सा सेवाओं को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## सार-समाचार

### मशाल जुलूस,की होने वाली बैठक के लिए घर-घर बांटे पीले चावल

**करौली।** यूजीसी के विरोध में दिनांक 13 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले मशाल जुलूस की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बस ऑपरेटर धर्मशाला, गुलाब बाग करौली में ऊधौ सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठकआयोजित की गई। कार्यक्रम के सहसंयोजक नरेश सिंह बिनेगा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्तावित मशाल जुलूस पुरानी नगर पालिका से प्रारंभ होकर फूटा-कोट, सदर बाजार, बड़ा बाजार, वजीरपुर गेट होते हुए पुरानी कलेक्ट्रेट सर्कल स्थित हनुमान जी मंदिर पर समापन होगा।बैठक में अठावाल समाज के जिला अध्यक्ष मूलचंद अठावाल, पूर्व सरपंच महेश सिंह एवं पुरुषोत्तम शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यूजीसी का मुद्दा सामान्य समाज के लिए अत्यंत संवेदनशील है। उन्होंने इसे काला कानून बताते हुए कहा कि जब तक सरकार इसे वापस नहीं लेती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही बताया कि यह मशाल जुलूस समाज को अंधकार से उजाले की ओर ले जाने के प्रतीक के रूप में निकाला जा रहा है। बैठक में जुलूस के समय में परिवर्तन करते हुए निर्णय लिया गया कि, अब यह जुलूस शाम 5:30 बजे के स्थान पर शाम 6:30 बजे पूर्व निर्धारित स्थान से प्रारंभ किया जाएगा।बैठक के उपरांत डॉ. देव कुमार शर्मा, दिनेश पचौरी, पूरन चंद शर्मा, राजेश सिंह राजावत सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने विवेक विहार क्षेत्र में जनसंपर्क कर पीले चावल बांटकर मसाल जुलूस में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में जुलूस की सफलता हेतु व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिसका नेतृत्व दिनेश पचौरी एवं अभय शास्त्री करेंगे।बैठक में प्रमुख रूप से मुकट बिहारी श्रुतिय, करणी सेना के संभाग अध्यक्ष सुधीर सिंह बिनेगा, कृष्ण कुमार शर्मा, नगेंद्र बॉस, ओम प्रकाश सिंह रामपुरा,महेश उपाध्याय,जुगल किशोर शर्मा,अरविंद पाल,नरेंद्र सिंह, रामकुमार शर्मा गाधौली, दीनदयाल शर्मा, सहित अनेक प्रबुद्धजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भीमराव अंबेडकर जयंती पर महासम्मेलन आयोजित

**भरतपुर ।** सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले एवं भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती पर जाट समाज द्वारा भाई चारे के महासम्मेलन का आयोजन की पूर्व संध्या पर आयोजक राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ (रुक्टा) के प्रदेश महामंत्री एवं ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी एण्ड कॉलेज टीचर्स ऑर्गेनाइजेशन के उपाध्यक्ष प्रोफेसर बनय सिंह, राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष संतोष फौजदार एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजाराम भूतोली संयुक्त प्रेस विज्ञिप्त जारी कर कहा कि महापुरुष किसी एक जाति - धर्म या समुदाय विशेष के नहीं होते हैं। उनका योगदान पूरी मानवता के लिए होता है। देश में खेत खलिहानों में साथ साथ काम करने वाले समुदाय एक दूसरे के सुख दुख के भागीदार होते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में कुछ शक्तिशाली लोग महज राजनीतिक लाभ के लिए लोगो को बांटने की कुचेष्टा कर रहे हैं जो समाज व देश के लिए हितकर नहीं है। सिंह के कहा जहां तक भरतपुर का सवाल है यह अपने स्थापना काल से ही लोकतांत्रिक- संवैधानिक - समावेशी और सामाजिक न्याय के मूल्यों का संवाहक रहा है। महाराजा सूरजमल के शासनकाल में खजाने की चाबी जाटव समुदाय के लोगों को दी जाती थी। महाराजा बलवंत सिंह ने गंगा मंदिर और जामा मस्जिद का निर्माण एक साथ करवाकर सामाजिक सौहार्द का परिचय दिया। भरतपुर के शासक सामाजिक समरसता के प्रति सजग रहे हैं। इस अवसर पर संतोष फ़ौजदार ने कहा कि ठाामीण भारत और उसमें निवास करने वाले लोग आत्मनिर्भर नहीं होंगे उनको रोज़गार नहीं मिलेगा तब तक भारत के आत्मनिर्भर की कल्पना एक सपना ही साबित होगा इसके लिए गाँव में रहने वाले सभी जाति धर्म के लोगों को सामाजिक व राजनीतिक रूप से एक जाजम पर लाना होगा यह सम्मेलन इसी दिशा में मील का पत्थर साबित होगा राजा राम भूतौली ने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी समाजों के प्रमुख प्रतिनिधियों को आपसी सौहार्द व भाई चारे को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया जाएगा व इस दिशा में सामाजिक चेतना जाठात करने वाले लोगों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया जाएगा आगे अनवरत रूप से ये कार्यक्रम आयोजित किए जाने के लिए रणनीति तय की जाएगी जिन महापुरुषों की जयंती पर यह आयोजन किया जा रहा है उन पर एक संघोष्ठी भी होगी।

### गर्मी में रक्त के लिए रक्तदान शिविर लगाया

**कोटा,** (निसं)। गर्मी का मौसम आते ही शहर में रक्त की कमी महसूस की जाती है, दूर दराज से आने वाले मरीज के परिजन रक्त को लेकर सैंपल हाथ में लिए भटकते नजर आते हैं, इसी दृश्य को ध्यान में रखते हुए लायंस क्लब कोटा टेक्नो व टीम जीवनदाता द्वारा स्वप्रेरणा से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि लोगों की परेशानी को देखते हुए कई संस्थाओं के को मैसेज किया गया, समाज के सेवा भावी लोगों को बुलाया गया। गर्मी में रक्त की कमी के चलते आ ही परेशानी को बताया गया, उसके बाद सुबह से ही लोगों का अपना ब्लड सेंटर में आने का सिलसिला शुरू हुआ जो शाम तक जारी रहा। इस दौरान 29 लोगों ने रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में नेगेटिव ग्रुप के लोगों को भी बुलाया गया, ताकि जो कमी आ रही है उसे पूरा किया जा सके। भुवनेश गुप्ता ने बताया कि 2 दिन में कई लोगों को रक्त भी बिना रिप्लेसमेंट के उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति का रक्त तीन लोगों के जीवन को बचाने का काम करता है। इस अवसर पर मनीष बंसल, मनीष माहेश्वरी, नितिन मेहता, वर्धमान जैन, भगत शर्मा, सहित कई लोग उपस्थित रहे। अनिल पारेता , दिनेश राठी, राकेश आर्या, हेमराज नागर, एकलव्य कृष्णमूर्ति, कुंदन प्रजापति, दीपांकर राजुरा, प्रदीप कुमार नागर, सुनील कुमार चौहान, कशिश महिंद्रा, कुलदीप कलवार, जगदीश शर्मा, नमन गुप्ता, शाहबाज खान, अभिषेक गोस्वामी, मानस रोहिडा, आकर्ष भंडारी, कार्तिक जेठी, ऐश्वर्या शर्मा, भावेश मीणा, अक्षांश खंडेलवाल, हिमांशु सिंह आदि का योगदान रहा।

### कुन्हाड़ी माहेश्वरी महिला मंडल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न, मोनिका बनी अध्यक्ष

**कोटा,** (निसं)। माहेश्वरी महिला मंडल कुन्हाड़ी की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह माहेश्वरी समाज कोटा के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। पदस्थापना अधिकारी पुष्पा सोमानी ने अध्यक्ष मोनिका भराड़ीया, सचिव अनिता समदानी, उपाध्यक्ष भारती मूंदड़ा व नेहा तोषनीवाल, कोषाध्यक्ष शुभ्रा समदानी, संगठन मंत्री अनिता जाजू और सह सचिव उमा अटल को शपथ दिलाई। इसके साथ ही विभिन्न समितियों में रूचि समदानी, अनिता लड्ढा, रचना लड्ढा, श्वेता समदानी, निर्मला काबरा, संतोष असावा, वन्दना झंवर, इन्द्रा मालू, महिमा लड्ढा, चांदनी राठी, रिन्कू, मधु व मीनाक्षी फलोड़, लीना कहालिया, विनीता काल्या, अंकिता पनवाड़, अर्चना माहेश्वरी, गायत्री मूँदड़ा, मन्जू बल्दवा, शालिनि लड्ढा, प्रियंका शारदा, ऋतु व अंजलि तोषनीवाल, शाइनी काबरा, ज्योति पनवाड़ एवं पूजा राठी ने भी शपथ ग्रहण की। मुख्य अतिथि राजेश बिरला ने मातृशक्ति को समाज की धुरी बताते हुए नवीन कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष कल्पना लड्ढा, सचिव अंकिता पनवाड़ सहित प्रदेश अध्यक्ष महेश चंद अजमेरा, जिला अध्यक्ष सुरेश काबरा, मनीष मूँदड़ा, बृजगोपाल भराड़ीया, कुन्ती मूँदड़ा, विनीता लहोटी, भारती डागा, संतोष तोषनीवाल, सरिता मोहता और अर्चना शारदा जैसे कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर गौरा के जन्मदिन पर परिंदा अभियान का आयोजन

**भरतपुर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा, जिला भरतपुर द्वारा प्रदेश अध्यक्ष शंकर गौरा के जन्मदिन के अवसर पर परिंदा अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान जिला अध्यक्ष सौरभ ताखा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा से कृष्णा जाट ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष शंकर गौरा के जन्मदिन को सेवा और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के रूप में मनाते हुए जिले भर में विभिन्न स्थानों पर परिंदे (पानी के बर्तन) लगाए गए, ताकि भीषण गर्मी के दौरान पक्षियों को पानी के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में तापमान में वृद्धि को देखते हुए यह अभियान निरंतर जारी रखा जाएगा और पूरे जिले में अधिक से अधिक स्थानों पर परिंदों में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और अधिकाधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान युवा मोर्चा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण एवं जीव-जंतुओं की सेवा का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला मंत्री सुनील कुमार , नीरज गॉड , रॉकी जाटव ,नवाब सिंह, अजीत पाल ,राहुल , केशव , प्रभाकर फौजदार , मनीष चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

### पति ने प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी को पीटकर घर से निकाला, मामला दर्ज

**रुदावल ।** गांव ब्रह्मवाद में एक विवाहिता के साथ उसके पति और उसकी प्रेमिका द्वारा मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में पीड़िता ने पति व उसकी प्रेमिका के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। रुदावल पुलिस ने बताया कि गांव ब्रह्मबाद निवासी संगीता कुमारी ने मामला दर्ज कराया है कि उसकी शादी 22 अप्रैल 2016 को विक्रम सिंह के साथ हुई थी। विक्रम सिंह पेशे से मकान चिनाई का काम करता है। आरोप है कि काम के दौरान ही उसके संबंध एक महिला से हो गए, जो उसके साथ मजदूरी का काम करती है। पीड़िता के अनुसार उसका पति विक्रम सिंह अपनी प्रेमिका को लेकर घर पहुंचा और पीड़िता को घर से भाग जाने को कहा। जब संगीता ने विरोध किया और बच्चों के साथ उसी घर में रहने की बात कही तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ लात-घूसों और डंडे से बेरहमी से मारपीट की। शोर मचाने पर पीड़िता की सास और देवरों ने बीच-बचाव कर उसे बचाया। आरोप है कि जाते समय अलमारी में रखे मजदूरी के 3 हजार रुपए भी जबरन निकालकर ले गई।

### वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शादी का दबाब बनाने का मामला कराया दर्ज

**रुदावल ।** रुदावल थाना पुलिस में एक जने की ओर से सवाई माधोपुर निवासी एक युवक के खिलाफ इंस्टाठााम आईडी से मैसेज भेजकर परेशान करने करने एवं वीडियो वायरल करने की धमकी देकर जबरन शादी का दबाब देने का मामला दर्ज कराया है। रुदावल थाना पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के ही निवासी एक जने की ओर से दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसकी पुत्री को सवाई माधोपुर निवासी मनीष महावर जयपुर से बहला फुसलाकर ले गया था। जिसकी रिपोर्ट थाना बजाज नगर जयपुर में दर्ज कराई गई थी। अब मनीष महावर पिछले करीब 5-7 दिन से दूसरी इस्टाठााम आईडी लक्ष्मण शर्मा के नाम से बनाकर मैसेज कर रहा है। पीडित ने बताया कि उसने अपनी पुत्री की सगाई कर दी है। यह युवक उसकी पुत्री के ससुरालीजन व हमे फोन व कॉल, मैसेज कर धमकी दे रहा है कि या तो लडकी की सगाई कैंसिल कर दो नही तो इसकी शादी नही होने दूँगा। रिपोर्ट में बताया है कि आरोपित युवक मनीष डरा धमकाकर भय में डाल रहा है और भय में डालकर शादी का दवाब बना रहा है और फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है।

### रुपयों के तकादा करने की रंजिश को लेकर घर में घुसकर मारपीट

**रुदावल ।** रुदावल थाना पुलिस में एक महिला की ओर से नामजद लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है। रुदावल थाना पुलिस ने बताया कि गांव नारौली निवासी वीरवती पत्नि श्यामसुन्दर जाटव की ओर से इस्तगासा के माध्यम से दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है शाम करीब 6 बजे वह अपने घर के अन्दर खाना बना रही थी। उसी समय एकराय मशविरा कर अपने हाथों में लाठी डण्डा लेकर विजय, रिंकेश, श्रीमती, राजेन्द्री, राकेश जाटव निवासी नारौली गालियां देते हुए घर के अन्दर घुस आए और लात घूसों व डण्डों से मारपीट करने लग गए।

## सूरौठ में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती धूमधाम से मनाई गई

■ घोड़ी की बोली मोहन भंडारा के नाम 63 हजार रु में रही, सर्व समाज के लोगों ने किया भव्य स्वागत सम्मान

**सूरौठ।** कस्बे के महात्मा ज्योतिबा फुले भवन में महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के लोगों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

जयंती अध्यक्ष डॉ. ठंडी लाल सैनी, बाबूलाल सैनी एवं अध्यापक हरिमोहन पुष्पद ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथियों में हिंडौन विधायक अनीता जाटव, नेता प्रतिपक्ष दिनेश चंद्र सैनी , भाजपा नेता बंटी जाटव सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शिवकुमार सैनी ने की।

वक्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन, उनके सामाजिक योगदान और शिक्षा एवं समानता के लिए किए गए प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आ ान किया। कार्यक्रम के दौरान घोड़ी पर बैठने की बोली मोहन भंडारा के नाम 63 हजार रुपए में लगी, जिस पर समाज के लोगों ने उनका माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। अतिथियों ने फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मंच संचालन देवीसिंह सैनी, रीतेश जगरिया , श्याम सुंदर सैनी, एवं महेश सैनी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विधायक अनीता जाटव ने सैनी समाज के विकास हेतु 10 लाख रुपए देने की घोषणा की, वहीं पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव ने भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। शिवकुमार सैनी ने अपने संबोधन में बालिका शिक्षा पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में सैनी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सामाजिक एकता, शिक्षा और समानता का संदेश पूरे आयोजन का केंद्र रहा, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा।

कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो गंगापुर-भरतपुर मेगा हाईवे से होते हुए एसबीआई बैंक, डी मार्केट, गांधी स्मारक चौराहा और पीएनबी बैंक मार्ग से गुजरते हुए पुनः फुले भवन पहुंची। यात्रा में विभिन्न झांकियां और बैंड-बाजे शामिल रहे। जगह-जगह पुष्प वर्षा और जलपान के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व सरपंच नत्थू सिंह राजावत, विजयवाला शर्मा,पूर्व सरपंच नादान मीना, पुरुषोत्तम बंशीवाल अमरसिंह मीना देवानंद गुप्ता, मोहित राजपूत, वेदप्रकाश शर्मा, युवा उपाध्यक्ष गौरव सिंघल रामखिलाडी सैनी, बृजेश भारद्वाज, सत्येन्द्र बंशीवाल, हंसराज मीना, भरोसी सैनी, महेश सैनी, अशोक सैनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## करौली कलेक्टर अक्षय गोदारा का किया अभिनंदन

**करौली।** नव नियुक्त जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा का करौली पदस्थापन पर दक्ष प्रजापति विकास संस्थान द्वारा गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया, संस्थान सचिव गंगाराम प्रजापत ने बताया कि जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा के करौली में पदस्थापन पर संस्थानपदाधिकारी करौली नगर परिषद के पूर्व सभा पति अजय प्रजापत के पिता रामेश्वरठेकेदार ने सामान्य शिष्टाचार ,अतिथि सत्कार के रूप में जिला कलेक्टर को गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया,करौली में पदस्थापित होते ही जिला कलेक्टर ने मुख्य मंत्री भजन लाल शर्मा की नांगल शेरपुर में आयोजित किसान सभा के सफल आयोजन ,जन समस्याओं के निस्तारण में विभागीय अधिकारियों को संवेदन शील रहकर निस्तारण कराने ,जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचवाने के सख्त आदेशों के लिए नव पदस्थापित जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की कार्य शैली की सराहना की।

## करनपुर वाली को गुमानो माता मंदिर पर लगाए छप्पन भोग

**कैलादेवी/ करौली।** करणपुर डांग क्षेत्र में विराजमान गुमानो माता करणपुर वाली के प्राकट्ययोत्सव पर माता रानी का करौली के चिकना फर्श स्थित मंदिर में छप्पन भोग लगाकर भक्तों ने शुक्रवार की देर रात महा आरती का आयोजन किया। करनपुर वाली गुमानो माता के अनन्य भक्त कैलाश चंद हरदेनिया के निज निवास चिकना फर्श पर स्थित माता के मंदिर पर फूल बंगला से सजाकर 56 भोग लगाए गए और महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें गुमानो माता के भक्तों ने भाग लेकर माता के दर्शन लाभ लेते हुए मनौती मांगी और प्रसादी वितरण की।

## हिंडौन सिटी में 'बाबा साहब को जानो' प्रतियोगिता आयोजित

■ 97 प्रतिभागियों ने लिया भाग

**हिंडौन सिटी।** राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर, ब्लॉक हिंडौन सिटी (जिला करौली) के तत्वावधान में शनिवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'बाबा साहब को जानो' प्रतियोगिता 2026 का आयोजन जाटव छात्रावास, स्टेशन रोड पर किया गया। प्रतियोगिता में कुल 97 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार देवत एवं पर्यवेक्षक डॉ. ओमप्रकाश जाटव ने बाबा साहब अंबेडकर और ज्योतिबा फुले के जीवन, विचारों एवं समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 1100 रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्तकर्ता को 551 रुपए एवं तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता को 251 रुपए की राशि 14 अप्रैल 2026 को अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रदान की जाएगी। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में अध्यक्ष एवं मार्गदर्शक के रूप में रिटायर्ड प्रधानाचार्य यादराम यादव, केंद्राधीक्षक उदय सिंह जाटव, पर्यवेक्षक डॉ. ओमप्रकाश जाटव, ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रभारी मनोज कुमार देवत, महामंत्री राम सिंह जाटव, कोषाध्यक्ष नेमीचंद जाटव सहित शेर सिंह सुमन, पंकज कुमार, लक्ष्मीबाई, वीरेंद्र कुमार एवं संघ के समस्त शिक्षकगण, गणमान्य नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

## धूमधाम से मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की 199 वीं जन्म जयंती

**श्रीमहावीरजी/ हिंडौन सिटी।** कस्बा स्थित सैनी धर्मशाला पर शनिवार को महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिवाराव फुले की 199 वी जन्म जयंती भगवान सिंह सैनी की अध्यक्षता में धूमधाम के साथ मनाई गई एवं फूले दंपत्ति के द्वारा सर्व समाज के लिए किए गए कार्य एवं नारी उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर वक्ताओं ने विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले को नमन कर उनकी तस्वीर पर दीप प्रज्वलन कर माला पहनाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर तरुण कुमार सैनी ने फुले दम्पति की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फुले दम्पति द्वारा सैनी समाज को नहीं बल्कि पूरे समाज को एक नई दिशा दी है महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले ने सर्वप्रथम महाराष्ट्र में विद्यालय खोल कर महिला उत्थान एवं दलित वर्ग के लिए विद्यालय खोल कर्म को पढ़ाना शुरु किया एवं महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शों को हमें अपनाना चाहिए और उनके आदर्शों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर भीम सिंह, सुमन सैनी ने दलितों के मसीहा फुले दंपति को सरकार से भारत रत्न देने की मांग की। निर्मल, प्रेम सिंह सैनी, प्रवीण कुमार ने समाज की एकता, शिक्षा और सामाजिक सुधार तथा समाज के उत्थान के लिए कार्य करने एवं 12 आरक्षण की प्रमुख मांग के बारे लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी समाज श्री महावीर जी के चंदन सैनी, दिनेश, टिंकू सैनी, रवि कुमार, प्रेम सैनी, पवन कुमार, प्रवीणकुमार, सुमन सैनी, कन्हैया सैनी, विष्णु, कौशल, टीटू, सचिन, दीपक सहित सैनी समाज के पदाधिकारी मौजूद थे।

## घर से शौच करने गई विवाहिता 3 वर्षीय बालिका के साथ हुई लापता

**रुदावल।** रुदावल थाना क्षेत्र के गांव चहल में अपने घर से जंगल में शौच के लिए गई एक विवाहिता अपनी 3 वर्षीय पुत्री के साथ लापता हो गई। रुदावल थाना एचएम वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि गांव चहल निवासी महाराजसिंह पुत्र श्रीलाल जाटव की ओर से दर्ज कराई गुमशुदगी रिपोर्ट में बताया है कि दोपहर करीब 1 बजे उसकी पुत्रवधु अरूणा (25) पत्नि राजू जाटव अपनी पुत्री जानवी (3) के साथ घर से जंगल में शौच करने के लिए गई थी।

## अवैध हथियार सहित एक युवक गिरफ्तार

**रुदावल।** अवैध हथियारों के खिलाफ पुलिस की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नारौली नहर के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया है। रुदावल पुलिस ने बताया कि एएसआई जितेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ गश्त और चेकिंग पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि नारौली नहर पर एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध हथियार के साथ खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस की गाड़ी को देखकर संदिग्ध व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर गांव डुमरिया हाल ब्रह्मवाद निवासी सौरभ सिंह पुत्र वीर सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक 315 बोर का अवैध देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस ने हथियार को जब्त कर युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया है।

## बच्चों में प्रथम 6 वर्षों में होता है मस्तिष्क का अधिकतम विकास

■ पोषण पखवाड़े के तहत कुम्हेर में कार्यक्रम आयोजित

**कुम्हेर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आठवाँ पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत दूसरे दिन बाल विकास परियोजना कुम्हेर द्वारा जीवन के प्रथम 6 वर्षों में अधिकतम मस्तिष्क विकास थीम पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पोषण एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास के महत्व को रेखांकित करते हुए जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी रही। रैली के माध्यम से अभिभावकों को यह संदेश दिया गया कि बच्चे के जीवन के पहले 6 वर्ष उसके मस्तिष्क के सर्वाधिक विकास का महत्वपूर्ण काल होते हैं। अतः इस अवधि में उचित पोषण, समुचित देखभाल एवं उत्तेजनात्मक वातावरण अत्यंत आवश्यक है।

इसके पश्चात आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें संतुलित आहार, स्तनपान, पूरक आहार तथा बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास में परिवार एवं समुदाय की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए सीडीपीओ कुम्हेर महेन्द्र अवस्थी ने बताया कि प्रारंभिक वर्षों में सही पोषण एवं देखभाल से बच्चों की सीखने की क्षमता, स्मरण शक्ति एवं समठा व्यक्तित्व विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे घर-घर जाकर अभिभावकों को इस विषय में जागरूक करें।

बाल विकास परियोजना कुम्हेर द्वारा आगामी दिनों में भी इस थीम पर आधारित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाई जाएगी।

इस अवसर पर लेखाकार अनिल गर्ग, महिला पर्यवेक्षक मिथलेश शर्मा, सीता खंडेलवाल, सीमा शर्मा, कनिष्ठ सहायक मेघा गर्ग सहित अनेक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहीं।

## निसंतान्ता एवं आईवीएफ परामर्श शिविर सम्पन्न

■ इस शिविर में आसपास के ग्रामीण एवं शहरी 30 मरीजों ने परामर्श लिया

**भरतपुर।** डॉ. कुसुम शर्मा हॉस्पीटल कैम्पस गोपालगढ भरतपुर में 11.4.26 को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक निसंतान्ता एवं आईवीएफ परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। डायरेक्टर डॉ. कुसुम शर्मा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने बताया कि इस शिविर में आसपास के ग्रामीण एवं शहरी 30 मरीजों ने परामर्श लिया, इसमें 8 दम्पत्ति ऐसे भी थे जो पूर्व में इलाज से लाभान्वित हो चुके थे। शिविर में जिन भी दम्पत्ति को बच्चा होने में किसी भी प्रकार की दिक्कत आ रही है, जिन महिलाओं को बच्चेदानी की रसोली, फैलोपियन ट्यूब ब्लॉक, बच्चेदानी में टीबी, बार बार गर्भधारण होने के पश्चात भी गर्भपात होना, अधिक उम्र होने पर महीना न आना या फिर संतान न होना, एक बार संतान होने पर दोबारा गर्भ धारण न होना, दो या तीन बार आईयूआई कराने पर भी असफलता मिलना, अनियमित माहवारी या अण्डों का नहीं बनना एवं समय पर नहीं फूटना और पुरूषों में शुक्राणु में कमी होना आदि किसी भी समस्या के कारण माता पिता बनने के सुख से वंचित रह गये हैं उन्हें संतान उत्पत्ति के लिए सही मार्गदर्शन दिया गया। इस शिविर में जयपुर के प्रसिद्ध डॉक्टर निशांत दीक्षित द्वारा निसंतान्ता एवं आईवीएफ के मरीजों के लिए परामर्श दिया गया। इस मौके पर पर अजय षर्मा, नरेन्द्र षर्मा, संजय तिवारी, सुरेष षर्मा, दीपक कुमार, करतार, बोबी, रवि, आदि मौजूद रहे।


**पश्चिम मध्य रेल**

कार्यालय मण्डल रेल प्रबंधक, कोटा

संख्याः सी-560/102/STBA/2026-27, दिनांकः 09.04.2026

**एसटीबीए की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रण के लिए अधिसूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, प.म.रे., कोटा** द्वारा निम्न कार्य हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। **आवेदन अधिसूचना सं.:** 02/2026-27. **कार्य का नामः अनारक्षित टिकिट जारी करने के लिए कोटा मण्डल के 35 स्टेशनों पर एसटीबीए की नियुक्ति हेतु। आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समयः** 05.05.2026 (मंगलवार), 13.00 बजे तक। **आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समयः** 05.05.2026 (मंगलवार), 13.00 बजे तक। **आवेदन पत्र खुलने की तिथि एवं समयः** 05.05.2026 (मंगलवार), 16.00 बजे। आवेदन पत्र एवं विस्तृत नियम व शर्तों को वेबसाईट **www.wcr.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा इस कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

**स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर**